**INDIAN SCHOOL SOHAR**
**PERIODIC TEST-II (2023-24)**
**SUBJECT-HINDI (COURSE-B)**
**SUBJECT CODE-085**

**CLASS : X** **MAX. MARKS : 80**
**DATE : 26 /09/2023** **TIME: 3 HOUR**

सामान्य निर्देश:
इस प्रश्न-पत्र में कुल 18 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं- खंड 'अ' और खंड 'ब'।
प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।
यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

---

## खंड 'अ' (बहुविकल्पीय /वस्तुपरक प्रश्न)

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए – (1X5=5)

'घर' जैसा छोटा-सा शब्द भावात्मक दृष्टि से बहुत विशाल होता है। इस आधार पर मकान, भवन, फ्लैट, कमरा, कोठी, बंगला आदि इसके समानार्थी बिल्कुल भी नहीं लगते हैं क्योंकि इनका सामान्य संबंध दीवारों, छतों और बाहरी व आंतरिक साज-सज्जा तक सीमित होता है, जबकि घर प्यार, भरोसे और रिश्तों की मिठास से बनता है। एक आदर्श घर वही है, जिसमें प्रेम व भरोसे की दीवारें,आपसी तालमेल की छतें, रिश्तों की मधुरता के खिले-खिले रंग, स्नेह, सम्मान व संवेदनाओं की सज्जा हो। घर में भावात्मकता है, वह भावात्मकता,जो संबंधों को महकाकर परिवार को जोड़े रखती है। यह बात हमें अच्छी तरह याद रखनी चाहिए कि जब रिश्ते महकते हैं, तो घर महकता है, प्यार अठखेलियाँ करता है, तो घर अठखेलियाँ करता है, रिश्तों का उल्लास घर का उल्लास होता है, इसलिए रिश्ते हैं, तो घर है और रिश्तों के बीच बहता प्रेम घर की नींव है। यह नींव जितनी मजबूत होगी, घर उतना ही मजबूत होगा। न जाने क्यों, आज का मनुष्य संवेदनाओं से दूर होता जा रहा है, उसके मन की कोमलता, कठोरता में बदल रही है; दिन-रात कार्य में व्यस्त रहने और धनोपार्जन की अति तीव्र लालसा से उसके अंदर मशीनियत बढ़ रही है, इसलिए उसके घर के मायने बदल रहे हैं; उसकी अहमियत बदल रही है, इसी कारण आज परिवार में आपसी कलह, द्वंद्व आदि बढ़ रहे हैं। आज की पीढ़ी प्राइवेसी (वैयक्तिकता) के नाम पर एकाकीपन में सुख खोज रही है। उसकी सोच 'मेरा कमरा, मेरी दुनिया' तक सिमट गई है। एक छत के नीचे रहते हुए भी हम एकाकी होते जा रहे हैं। काश, सब घर की अहमियत समझें और अपना अहं हटाकर घर को घर बनाए रखने का प्रयास करें।

(i) भावात्मक दृष्टि से घर जैसे छोटे-से शब्द की 'विशालता' में क्या निहित है ? निम्नलिखित कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए-

(क) प्रेम, विश्वास, नातों का माधुर्य व संवेदनाएँ
(ख) आकर्षक बनावट, सुंदर लोग, वैभव व संपन्नता
(ग) सुंदर रंग-संयोजन, आंतरिक सजावट एवं हरियाली
(घ) स्नेह, सम्मान, सरसता, संवेदनाएँ व साज-सज्जा

**विकल्प**

(क) कथन 'क' सही है।
(ख) कथन 'क' और 'ख' सही है।
(ग) कथन 'ख' और 'ग' सही है।
(घ) कथन 'ग' और 'घ' सही है।

(ii) सामान्य रूप से मकान, भवन, फ्लैट, कमरा, कोठी आदि शब्दों का संबंध किससे होता है ?

(क) हृदय की भावनाओं से
(ख) वैभव और समृद्धि से
(ग) स्थानीय सुविधाओं से
(घ) बनावट व सजावट से

(iii) आज की पीढ़ी को सुख किसमें दिखाई दे रहा है ?

(क) निजी जीवन व एकांतिकता में
(ख) पारिवारिक भावात्मक संबंधों में
(ग) बिना मेहनत के सब कुछ मिल जाने में
(घ) धन कमाने के लिए जी तोड़ मेहनत करने में

(iv) गद्यांश में घर के लिए प्रेम को क्या बताया गया है ?
(क) आभूषण
(ख) नींव
(ग) भरोसा
(घ) उल्लास

(v) कथन (A) और कारण (R)को पढ़कर सही उत्तर के लिए उपयुक्त विकल्प चुनिए –

कथन (A)– आदमी के अंदर संवेदनाओं की जगह मशीनियत बढ़ती जा रही है।
कारण (R)– व्यस्तता और अर्थोपार्जन की अति महत्त्वाकांक्षा ने उसे यहाँ तक पहुँचा दिया है।

(क) कथन (A) गलत है और कारण (R)सही है।
(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।
(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) की सही व्याख्या करता है।
(घ) कथन (A) सही है , किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

प्रश्न 2 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए – (1X5=5)

अच्छा नागरिक बनने के लिए भारत के प्राचीन विचारकों ने कुछ नियमों का प्रावधान किया है । इन नियमों में वाणी और व्यवहार की शुद्धि, कर्त्तव्य और अधिकार का समुचित निर्वाह, शुद्धतम भारत पारस्परिक सद्भाव और सेवा की भावना बहुत महत्त्वपूर्ण माने गए हैं। ये सभी नियम यदि एक व्यक्ति के चारित्रिक गुणों के रूप में भी अनिवार्य माने जाएँ तो उसका अपना जीवन सुखी और आनंदमय हो सकता है । सभी गुणों का विकास एक बालक में यदि उसकी बाल्यावस्था से ही किया जाए तो वह अपने देश का श्रेष्ठ नागरिक बन सकता है । इन गुणों के कारण वह अपने परिवार, आस-पड़ोस, विद्यालय में अपने सहपाठियों एवं अध्यापकों के प्रति यथोचित व्यवहार कर सकेगा । वाणी एवं व्यवहार की मधुरता सभी के लिए सुखदायक होती है, समाज में हार्दिक सद्भाव की वृद्धि करती है किंतु अहंकारहीन व्यक्ति ही स्निग्ध वाणी और शिष्ट व्यवहार का प्रयोग कर सकता है। अहंकारी और दंभी व्यक्ति सदा अशिष्ट वाणी और व्यवहार का अभ्यासी होता है। जिसका परिणाम यह होता है कि ऐसे आदमी के व्यवहार से समाज में शांति और सौहार्द का वातावरण नहीं बनता। जिस प्रकार एक व्यक्ति समाज में रहकर व्यवहार से कर्त्तव्य और अधिकार के प्रति सजग रहता है, उसी तरह देश के प्रति भी उसका व्यवहार कर्त्तव्य और अधिकार की भावना से भावित रहना चाहिए। उसका कर्त्तव्य हो जाता है कि न तो वह स्वयं कोई ऐसा काम करे और न ही दूसरों को काम करने दे, जिसमें देश के सम्मान, संपत्ति और स्वाभिमान को ठेस लगे। यह वृत्ति तभी आ सकती है जब व्यक्ति संतुलित व्यक्तित्व का हो । वह आंतरिक व बाहरी संघर्ष से परे सामाजिकता की अनुभूति से परिपूर्ण व्यक्तित्व वाला होना चाहिए।

(i) गद्यांश के संदर्भ में अच्छा नागरिक बनने के लिए नियमों का प्रावधान आवश्यक है, क्योंकि यह –
(क) स्वतंत्रता को बढ़ावा देता है और वातावरण को अशांति से परिपूर्ण करता है ।
(ख) व्यक्तित्व को निखारकर जीवन को आमोद-प्रमोद से परिपूर्ण करता है ।
(ग) व्यक्तित्व को निकाल कर जीवन को शुभ और मंगलकामना से परिपूर्ण करता है ।
(घ) व्यक्ति को अहंकार, स्निग्ध वाणी और शिष्ट व्यवहार से परिपूर्ण करता है ।

(ii) वाणी एवं व्यवहार की मधुरता सभी के लिए क्यों सुखदायक होती है ?
(क) देश के सम्मान, संपत्ति और स्वाभिमान को ठेस पहुँचती है ।
(ख) देश व समाज में शांति और सौहार्द का वातावरण नहीं बनता।
(ग) अकर्त्तव्य और अधिकार का समुचित निर्माण बहुत आवश्यक है ।
(घ) समाज में हार्दिक सद्भाव की वृद्धि और सुख की प्रतिष्ठा होती है ।

(iii) अहंकारी और दंभी व्यक्ति सदा अभ्यासी होता है -
(क) अशिष्ट वाणी और व्यवहार का
(ख) अशिष्ट वाणी एवं व्यवहार की शुद्धि का
(ग) मधुर एवं अशिष्ट व्यवहार का
(घ) स्निग्ध वाणी और अशिष्ट व्यवहार का

(iv) संतुलित व्यक्तित्व से तात्पर्य है –
(क) आंतरिक व बाहरी संघर्ष से संपूर्ण सामाजिकता की अनुभूति से परिपूर्ण व्यक्तित्व
(ख) देश में पूर्णतःआदर्श नागरिक का व्यवहार करने वाला सुखदायक व्यक्तित्व
(ग) आंतरिक व बाहरी संघर्ष से रहित संपूर्ण सामाजिकता की अनुभूति से परिपूर्ण व्यक्तित्व
(घ) कर्त्तव्य और अधिकार के प्रति सजग रहने वाला भावुक प्रवृत्ति से परिपूर्ण व्यक्तित्व

(v) कथन (A) और कारण (R)को पढ़कर सही उत्तर के लिए उपयुक्त विकल्प चुनिए –
कथन (A)– अच्छा नागरिक बनने के लिए भारत के प्राचीन विचारकों ने कुछ नियमों का प्रावधान किया है।
कारण (R)– इनका पालन करते हुए व्यक्ति अपने संतुलित व्यक्तित्व का विकास कर सकता है।
(क) कथन (A) गलत है और कारण (R)सही है।
(ख) कथन (A) सही है और कारण (R) गलत है।
(ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।
(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R) कथन (A) से संबंधित है।

प्रश्न 3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित प्रश्नों में से <u>किन्हीं चार</u> प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए। (1X4=4)

(i) 'मैं <u>हाँफते हुए धीरे-धीरे</u> दौड़ रहा था।' वाक्य में रेखांकित पदबंध है :
(क) संज्ञा पदबंध
(ख) क्रिया पदबंध
(ग) क्रिया-विशेषण पदबंध
(घ) सर्वनाम पदबंध

(ii) 'उसकी कल्पना में वह अद्भुत साहसी युवक था।' इस वाक्य में संज्ञा पदबंध है :
(क) उसकी कल्पना में वह
(ख) वह अद्भुत साहसी
(ग) अद्भुत साहसी युवक
(घ) अद्भुत साहसी

(iii) 'धीरे-धीरे सूरज <u>डूबता जा रहा था</u>। वाक्य में रेखांकित पदबंध है :
(क) संज्ञा पदबंध
(ख) क्रिया पदबंध
(ग) क्रिया-विशेषण पदबंध
(घ) सर्वनाम पदबंध

(iv)'समुद्र किनारे ठंडी और भीगी बयार चल रही थी।' इस वाक्य में विशेषण पदबंध है :
(क) समुद्र किनारे
(ख) चल रही थी।
(ग) ठंडी और भीगी
(घ) ठंडी और भीगी बयार

(v) 'लोगों के <u>अधिकारों के लिए लड़ने वाले आप</u> आज खामोश क्यों हैं ? वाक्य में रेखांकित पदबंध है :
(क) संज्ञा पदबंध
(ख) क्रिया पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध
(घ) सर्वनाम पदबंध

प्रश्न 4. 'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित निम्नलिखित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से <u>किन्हीं चार</u> प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए। (1X4=4)

(i) 'चार बजकर चौबीस मिनट पर सुभाष बाबू जुलूस लेकर आए।' इस वाक्य का मिश्र वाक्य में रूपांतरित वाक्य कौन-सा है ?
(क) चार बजकर चौबीस मिनट हुए और सुभाष बाबू जुलूस लेकर आ गए।
(ख) चार बजकर चौबीस मिनट होते ही सुभाष बाबू जुलूस लेकर आए।
(ग) जब चार बजकर चौबीस मिनट हुए तब सुभाष बाबू जुलूस लेकर आए।
(घ) चार बजकर चौबीस मिनट हो गए थे इसलिए सुभाष बाबू जुलूस लेकर आए।

(ii) निम्नलिखित वाक्यों में सरल वाक्य का उदाहरण **नहीं** है –
(क) तुमने तो अभी केवल एक दरजा पास किया है।
(ख) बटेर केवल एक ही बार हाथ लग सकती है।
(ग) घंटे दो घंटे बाद निराशा के बादल फट जाते।
(घ) जैसा तजुरबा उन्हें है उसकी बराबरी नहीं हो सकती।

(iii) 'हरिहर काका के प्रति मेरी आसक्ति के अनेक व्यावहारिक और वैचारिक कारण हैं।' रचना की दृष्टि से वाक्य का यह कौन-सा भेद है ?
(क) मिश्र वाक्य
(ख) सरल वाक्य
(ग) संयुक्त वाक्य
(घ) सर्वनाम वाक्य

(iv) निम्नलिखित वाक्यों में संयुक्त वाक्य कौन-सा होगा ?
(क) संसार में रचना कैसे भी हुई हो लेकिन धरती किसी एक की नहीं है।
(ख) सहसा नारियल के झुरमुटों में से उसे एक आकृति कुछ साफ़ हुई।
(ग) बार-बार तताँरा का याचना भरा चेहरा उसकी आँखों में तैर जाता था।
(घ) मेरे जीवन में यह पहली बार है मैं इस तरह से विचलित हुआ हूँ।

(v) निम्नलिखित वाक्यों में मिश्र वाक्य कौन-सा होगा ?
(क) मेरे और भाई साहब के बीच अब केवल एक दरजे का अंतर और रह गया।
(ख) आखिर आदमी को कुछ तो अपनी पोजीशन का ख्याल रखना चाहिए।
(ग) जब से माताजी ने प्रबंध अपने हाथ में ले लिया है, तब से घर में लक्ष्मी आ गई है।
(घ) मेरे रहते तुम बेराह न चलने पाओगे।

प्रश्न 5. 'समास' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से <u>किन्हीं चार</u> के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : (1X4=4)

(i) 'फलानुसार' शब्द किस समास का उदाहरण है ?
(क) द्वंद्व समास
(ख) बहुव्रीहि समास
(ग) तत्पुरुष समास
(घ) अव्ययीभाव समास

(ii) किस समास में पूर्व पद प्रधान होता है ?
(क) द्वंद्व समास
(ख) कर्मधारय समास
(ग) तत्पुरुष समास
(घ) अव्ययीभाव समास

(iii) 'स्वर्णकिरण' समस्तपद का सही समास-विग्रह क्या होगा ?
(क) स्वर्ण और किरण
(ख) सोना या किरण
(ग) सोने की किरण
(घ) स्वर्ण सम किरण

(iv) निम्नलिखित में से बहुव्रीहि समास का सही उदाहरण क्या होगा ?
(क) यथानुसार
(ख) भाग्यहीन
(ग) लंबोदर
(घ) मदांध

(v) नीचे लिखे युग्मों में 'मनोबल' का सही समास–विग्रह और भेद किस युग्म में है ?
(क) मन के लिए बल – तत्पुरुष समास
(ख) मन और बल - द्वंद्व समास
(ग) मन का बल - तत्पुरुष समास
(घ) मन ही बल - तत्पुरुष समास

प्रश्न 6.'मुहावरों पर आधारित निम्नलिखित छह प्रश्नों में से <u>किन्हीं चार</u> प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : (1X4=4)

(i) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए -
(क) आसमान पर चढ़ाना – बहुत घमंड करना
(ख) लाल-पीला होना – मन ही मन प्रसन्न होना
(ग) काम-काज में कोरा होना – काम न जानना
(घ) टस से मस न होना – मज़बूर होना

(ii) 'रुकावट पैदा करना' – अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा कौन-सा है ?

(क) टस से मस न होना | (ग) नमक-मिर्च लगाना
(ख) टाँग अड़ाना | (घ) छक्के छुड़ाना

(iii) मेरे पिताजी ने यह कार अपनी ---------- से ली है। रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए -

(क) हरफनमौला | (ग) खून जलाना
(ख) छोटा मुँह बड़ी बात | (घ) गाढ़ी कमाई

(iv) कठिन समय आने पर स्वार्थी लोगों ने अपना <u>स्वरूप दिखाया</u>। रेखांकित अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरे का चयन कीजिए-

(क) तूती बोलना | (ख) रंग दिखाना
(ग) सुध-बुध खोना | (घ) लगती बातें करना

(v) 'इंतजार करना'अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा कौन-सा होगा ?

(क) बाट जोहना | (ख) रंग दिखाना
(ग) आँखें फेरना | (घ) खून जलाना

(vi) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

1. सस्ता सौदा होना – कम दाम में खरीदना
2. तीर मारना – बड़ी सफलता पाना
3. आपा खोना – बड़प्पन न रहना
4. पापड़ बेलना – बहुत संघर्ष करना

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से युग्म सही सुमेलित हैं ?

(क) 1 और 2 | (ग) 3 और 4
(ख) 2 और 3 | (घ) 2 और 4

प्रश्न 7. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए - (1X5=5)

चलो अभीष्ट मार्ग में सहर्ष खेलते हुए,
विपत्ति, विघ्न जो पड़ें उन्हें ढकेलते हुए।
घटे न हेलमेल हाँ, बड़े न भिन्नता कभी,
अतर्क एक पंथ के सतर्क पंथ हो सभी।
तभी समर्थ भाव है कि तारता हुआ तरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे॥

(i) कवि सभी को एक होकर चलने की प्रेरणा देते हैं। इससे ज्ञात होता है कि कवि ------- के पक्षधर हैं। रिक्त स्थान के लिए उचित विकल्प क्या होगा ?

(क) निरन्वय | (ग) क्रमान्वय
(ख) समन्वय | (घ) दूरान्वय

(ii) अभीष्ट मार्ग से क्या तात्पर्य है ?

(क) स्वर्गगत मार्ग | (ग) क्रीड़ाक्षेत्रीय मार्ग
(ख) प्रमाणित मार्ग | (घ) मनोवांछित मार्ग

(iii) समर्थ भाव से क्या आशय है ?

(क) दूसरों को सफल करते हुए स्वयं सफल होना।
(ग) दूसरों को शक्ति प्रदर्शन द्वारा सफलता दिलाना।
(ख) दूसरों को पथरीला मार्ग बताते हुए सफल बनाना।
(घ) दूसरों को सफल करते हुए अपना स्वार्थ सिद्ध करना।

(iv) 'भिन्नता न बढ़े' से कवि क्या कहना चाहता है ?

(क) मत में भिन्नता हो | (ग) भेदभाव भिन्न हों
(ख) मतभेद कम हों | (घ) मतभेद अधिक हों

(v) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए-
(i) प्रसन्नता के साथ इच्छित मार्ग पर चलना चाहिए।
(ii) बाह्य आडंबरों का विरोध करना चाहिए।
(iii) मार्ग की विपत्तियों को ढकेलते हुए आगे बढ़ना चाहिए।
(iv) प्राकृतिक सौंदर्य के लिए सबको धन्यवाद देना चाहिए।
(v) हमें अपने जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

पद्यांश से मेल खाते वाक्यों के लिए उचित विकल्प चुनकर लिखिए –
(क) (i),(ii) और (v)
(ख) (i),(iii) और (v)
(ग) (ii),(iii) और (iv)
(घ) (ii),(iv) और (v)

प्रश्न 8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए – (1X2=2)
(i) मीराबाई के आराध्य देव ने नरहरि रूप क्यों धारण किया था ?
(क) द्रोपदी की लाज बचाने के लिए
(ख) गजराज को मगरमच्छ से बचाने के लिए
(ग) अपने भक्त के प्राणों की रक्षा के लिए
(घ) उपर्युक्त सभी विकल्प सही

(ii) मीठी वाणी का औरों पर क्या प्रभाव पड़ता है ?
(क) दूसरे सुख और संतोष का अनुभव करते हैं।
(ख) दूसरे मीठी वाणी सुनकर दुखी हो जाते हैं।
(ग) दूसरे क्रोधित हो जाते हैं।
(घ) दूसरे अपने अहंकार को नहीं त्याग पाते हैं।

प्रश्न 9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए - (1X5=5)

जब कोई राह न सूझी तो क्रोध का शमन करने के लिए उसमें शक्ति भर उसे धरती में घोंप दिया और ताकत से उसे खींचने लगा। वह पसीने से नहा उठा। सब घबराए हुए थे। वह तलवार को अपनी तरफ़ खींचते-खींचते दूर तक पहुँच गया। वह हाँफ रहा था। अचानक जहाँ तक लकीर खिंच गई थी, वहाँ एक दरार होने लगी। मानो धरती दो टुकड़ों में बँटने लगी हो। एक गड़गड़ाहट-सी गूँजने लगी और लकीर की सीध में धरती फटती ही जा रही थी। द्वीप के अंतिम सिरे तक तताँरा धरती को मानो क्रोध में काटता जा रहा था। सभी भयाकुल हो उठे। लोगों ने ऐसे दृश्य की कल्पना न की थी, वे सिहर उठे। उधर वामीरो फटती हुई धरती के किनारे चीखती हुई दौड़ रही थी-तताँरा ....तताँरा ....तताँरा। उसकी करुण चीख मानो गड़गड़ाहट में डूब गई। तताँरा दुर्भाग्यवश दूसरी तरफ़ था। द्वीप के अंतिम सिरे तक धरती को चाकता वह जैसे ही अंतिम छोर पर पहुँचा, द्वीप दो टुकड़ों में विभक्त हो चुका था।

(i) वामीरो की चीख किसमें डूब गई थी ?
(क) लोगों के शोर-गुल में
(ख) बादलों की गड़गड़ाहट में
(ग) बिजली की चमक में
(घ) धरती के फटने की गड़गड़ाहट में

(ii) अपने क्रोध को शांत करने के लिए तताँरा ने क्या किया ?
(क) गाँव वालों से मारपीट की।
(ख) वामीरो से विवाह कर लिया।
(ग) अपनी तलवार को धरती में घोंप कर पूरी ताकत से खींचने लगा
(घ) गाँव वालों से निराश होकर तलवार को खींचकर दूर तक पहुँच गया।

(iii) लोग क्या देखकर सिहर उठे ?
(क) वामीरो को चीखता देखकर सिहर उठे।
(ख) धरती को फटते देखकर सिहर उठे।
(ग) तताँरा का क्रोध देखकर सिहर उठे।
(घ) करुण चीख-पुकार सुनकर सिहर उठे।

(iv) तताँरा धरती को चाकता हुआ, जैसे ही अंतिम छोर पर पहुँचा तो क्या हुआ ?
(क) द्वीप दो भागों में बँट गया ।
(ख) द्वीप पर अँधेरा छा गया ।
(ग) आकाश में बादल गड़गड़ाने लगे।
(घ) समुद्र और धरती एक हो गए।

(v) निम्नलिखित कथन (A) और कारण (R)को पढ़कर सही उत्तर के लिए उपयुक्त विकल्प चुनिए –
कथन (A)– द्वीप के अंतिम सिरे तक तताँरा धरती को मानो क्रोध में काटता जा रहा था।
कारण (R)– तताँरा क्रोध का शमन कर रहा था।
(क) कथन (A) गलत है और कारण (R)सही है।
(ख) कथन (A) सही है और कारण (R) गलत है।
(ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।
(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

प्रश्न 10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए – (1X2=2)

(i) 'डायरी का एक पन्ना' पाठ से संबंधित कथनों पर विचार कीजिए और उचित विकल्प चुनिए ।

1. पुरानी सभ्यता के बारे में ज्यादा किस्से-कहानियाँ सुनने को मिलते हैं।
2. एक संगठित समाज कृत संकल्प हो तो वह कुछ भी कर सकता है।
3. यह पाठ हमारे क्रांतिकारियों की याद दिलाता है और देशभक्ति का भाव भरता है।
4. 26 जनवरी 1930 को गुलाम भारत में पहली बार स्वतंत्रता दिवस मनाया गया था।

**विकल्प**

(क) केवल 1　　(ग) केवल 4
(ख) 1 और 2　　(घ) 2,3,4

(ii) 'जो कुछ पढ़ो,उसका अभिप्राय समझो।' 'बड़े भाई साहब' पाठ में आई इस पंक्ति का क्या आशय है ?

(क) पुस्तकीय ज्ञान का अक्षरश: अर्थ समझना　　(ग) पुस्तकीय ज्ञान से बुद्धि का विकास करना
(ख) पुस्तकीय ज्ञान से अच्छे अंक लाना　　(घ) पुस्तकीय ज्ञान से परीक्षा पास करना

## खंड 'ब'(वर्णनात्मक प्रश्न)

प्रश्न 11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए – (3X2=6)

(i) रूढ़ियाँ जब बंधन बन बोझ बनने लगें तब उनका टूट जाना ही अच्छा है। क्यों? तताँरा-वामीरो कथा के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ii) छोटा भाई अपना अधिकांश समय खेलने-कूदने और अपने शौक पूरे करने में लगाता था , जिसके लिए उसे अपने बड़े भाई साहब से डाँट भी पड़ती थी, फिर भी वह कक्षा में अव्वल दर्जे में पास कैसे हो जाता था ? अपने विचार लिखिए।

(iii) 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर लिखिए कि सुभाष बाबू के जुलूस में स्त्री समाज की क्या भूमिका थी ?

प्रश्न 12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए – (3X2=6)

(i) कबीर ने निंदक को पास रखने की सलाह क्यों दी है ? क्या यह सलाह आपको उचित प्रतीत होती है ? कारण सहित स्पष्ट कीजिए।

(ii) 'मनुष्यता' कविता में कवि ने किन महान व्यक्तियों का उल्लेख किया है और उनके माध्यम से मनुष्य को क्या संदेश देना चाहा है ?

(iii) मीरा द्वारा रचित पदों की भाषा-शैली की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न 13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए – (3X2=6)

(i) समाज में रिश्तों की क्या अहमियत रह गई है? 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए कि आप परिवार में किस प्रकार के रिश्तों को उपयुक्त मानते हैं और क्यों ?

(ii) 'सपनों के-से दिन' पाठ में विद्यालय खुशी से जाने की जगह न होने पर भी, लेखक को कब और क्यों स्कूल जाना अच्छा लगने लगा ?

(iii) 'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर बताइए कि बच्चों की दृष्टि में स्कूल की छुट्टियों के शुरू और आखिरी दिनों में क्या अंतर होता था ? क्या वही स्थिति आपकी भी होती है ? अपने विचार लिखिए।

प्रश्न 14.निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : (5X1=5)

(क) सोशल मीडिया का मायाजाल और युवा
- सोशल मीडिया से तात्पर्य
- युवाओं पर प्रभाव
- बचाव हेतु सुझाव

(ख) चंद्रयान तीन : हमारा गौरव
- वैज्ञानिकों ने रचा इतिहास
- देश के प्रेरणा स्रोत- हमारे वैज्ञानिक
- देश के प्रति मेरा कर्त्तव्य

(ग) वर्षा की पहली फुहार
- तन-मन की प्रसन्नता
- प्रकृति द्वारा वर्षा का स्वागत
- आस-पास का दृश्य

प्रश्न 15. आपके घर गैस सिलेंडर की आपूर्ति करने वाला कर्मचारी तोल में कम-मात्रा वाला सिलेंडर आपके घर दे जाता है। बार-बार शिकायत करने पर भी उसके व्यवहार में कोई अंतर नहीं आ रहा है। उस कर्मचारी की शिकायत करते हुए क्षेत्र के गैस आपूर्ति प्रबंधक को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। (1X5=5)

अथवा

आप गाजियाबाद निवासी सुरेश / संध्या हैं। अपने क्षेत्र की सड़कों के खराब रख-रखाव से होने वाली असुविधाओं के बारे में बताते हुए नगर निगम अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।

प्रश्न 16.आप पर्वतीय इलाकों में आई बाढ़ से प्रभावित पीड़ितों की सहायता के लिए विद्यालय में एक 'सांस्कृतिक संध्या' का आयोजन करना चाहते हैं। इस अवसर पर राज्य के शिक्षा मंत्री ने पधारने की हामी भर ली है। इस संबंध में सांस्कृतिक सचिव की ओर से लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए। (1X4=4)

अथवा

आपका नाम मोहन/मोहिनी है। आप मोहल्ला सुधार समिति के अध्यक्ष/ की अध्यक्षा हैं। 'इको क्लब' की ओर से पर्यावरण दिवस के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करना चाहते हैं। 'इको क्लब' के सभी सदस्यों को संपूर्ण जानकारी देते हुए लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए।

प्रश्न 17.आप अच्छे चित्रकार हैं। अपने चित्रों की प्रदर्शनी के लिए लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। (1X3=3)

अथवा

अपनी पुरानी साइकिल की बिक्री के लिए लगभग 40 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

प्रश्न 18. 'संगति का फल' विषय पर लगभग 100 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए। (1X5=5)

अथवा

'जहाँ चाह,वहाँ राह' शीर्षक पर लगभग 100 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए।

-----------------------------